मनमर्जी

रोजगार गारंटी मद से निर्मित हो रहा तालाब अधूरा ही बना

तकनीकी दृष्टि से अनुपयुक्त स्थल पर बन रहा तालाब

अमरपुर नवभारत 7 जनवरी। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कोको में रोजगार गारंटी मद से एक तालाब का निर्माण वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जोकि समाचार लिखे जाने तक अपूर्ण की स्थिति में हैं।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव शिव प्रसाद यादव से जानकारी प्राप्त की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि तालाब निर्माण का कार्य बरसात के पूर्व प्रारंभ किया गया था। जिस तालाब की लागत लगभग 19-20 लाख रुपए हैं। इस तरह पंचायत के जिम्मेदारों व्दारा तालाब निर्माण की सही लागत जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

सचिव ने नहीं दी लागत की सही जानकारी

जानकारों की माने तो तालाब निर्माण में मजदूरी में 6 लाख व्यय एवं अन्य सामग्री के लगभग 4 लाख रुपए व्यय गया हैं। सचिव द्वारा लागत की सही जानकारी नहीं दी गई। वहीं पर व्यय की फाइल या रोकड़ से देखकर सही जानकारी जानना चाहा गया तो सचिव पंचायत कार्यालय से बाहर निकला और अपने घर की ओर निकल गया। ग्राम पंचायत द्वारा तालाब निर्माण स्थल पूर्णत: अनुपयुक्त हैं, फिर भी ऐसी जगह का उपयंत्री द्वारा प्राक्कलन तैयार किया गया और सहायक यंत्री द्वारा तकनीकी स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई।

जांच करने पर हो सकता है भ्रष्टाचार उजागर

कार्यस्थल देखकर यही कहा जा सकता हैं कि उक्त तालाब से ग्रामीणों को निस्तार का लाभ तो नहीं मिल सकेगा, परंतु निर्माण एजेंसी के साथ सहयोगियों को अर्थिक लाभ मिलने की पूर्ण संभावना हैं, ऐसा पंचायत सूत्रों के व्दारा कहा गया है। उक्त ग्राम पंचायत द्वारा जो भी अन्य निर्माण कार्य किए गए हैं, जो जांच के दायरे में हैं। इनकी अगर सही जांच की जाये तो बड़े भ्रष्टाचार के उजागर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

इनका कहना है

कार्य प्रारंभ करने की जल्दबाजी में तकनीकी स्वीकृति जारी की गई हैं, वास्तव में तालाब निर्माण की जगह उपयुक्त नहीं हैं।

प्रियंका मरावी, सहायक यंत्री अमरपुर

सामुदायिक भवन को लेकर मचा घमासान

ग्राम पंचायत सारसताल में सरपंच पर मनमानी के आरोप

डिंडोरी,नवभारत 7 जनवरी। ग्राम पंचायत सारसताल में स्वीकृत सामुदायिक भवन का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामवासी जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए सरपंच पर गंभीर आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मुख्यालय सारसताल में ही बनाया जाना था, लेकिन सरपंच द्वारा जानबूझकर निर्माण कार्य को मुख्यालय में नहीं होने दिया जा रहा है। आरोप है कि सरपंच अपनी मनमर्जी से उक्त भवन को पोषक ग्राम वन ग्राम राम्हेपुर में बनवाने का प्रयास कर रहे हैं, जो नियमों और ग्रामसभा के निर्णय के खिलाफ है।

ग्रामसभा के प्रस्ताव की अनदेखी की जा रही

ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामसभा की बैठक 24 अप्रैल 2025, प्रस्ताव क्रमांक 12 में स्पष्ट रूप से सामुदायिक भवन को ग्राम पंचायत मुख्यालय सारसताल में बनाने का निर्णय दर्ज है। इसके बावजूद सरपंच द्वारा ग्रामसभा के प्रस्ताव की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

तत्काल हस्तक्षेप की मांग

गुस्साए ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण ग्राम पंचायत मुख्यालय सारसताल में ही कराया जाए।ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पंचायत प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेने की बात कही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन ग्रामसभा के फैसले का सम्मान कर सरपंच की कथित मनमानी पर कब और क्या कार्रवाई करता है, या फिर यह मामला और ज्यादा गरमाएगा।

एक नजर में

नर्मदांचल विद्यापीठ को मिली सीबीएसई की मान्यता

शहपुरा नवभारत 7 जनवरी। नर्मदांचल विद्यापीठ को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की मान्यता मिलना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह जनजातीय एवं ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। नर्मदांचल विद्यापीठ की स्थापना से ही यह संकल्प रहा है कि समाज के अंतिम पंक्ति के विद्यार्थी तक श्रेष्ठ शिक्षा के अवसर पहुंचे। सीबीएसई की मान्यता इस संकल्प को और सुदृढ़ बनाती है। इस उपलब्धि के पीछे जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल, बरगांव के मार्गदर्शन, विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता, शिक्षकों की निष्ठा, कर्मचारियों के परिश्रम तथा अभिभावकों के विश्वास का अमूल्य योगदान रहा है।

विद्यार्थी भविष्य की ओर सशक्त कदम बढ़ाएंगे-अब नर्मदांचल विद्यापीठ के विद्यार्थी सीबीएसई के राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं व्यापक शैक्षणिक अवसरों से लाभान्वित होंगे और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर सशक्त कदम बढ़ाएंगे।

चोर सोने-चांदी के जेवर व नकदी ले उड़े

चिल्हारी नवभारत। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी लल्लू लाल श्रीवास्तव के पुराने घर में सांकल का कुन्दा तोड़कर चोर लगभग पांच लाख रुपए के कीमती सोने-चांदी के ज़ेवर एवं नकद राशि ले उड़े। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस चौकी अमरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चोरी की जानकारी लगते ही चौकी प्रभारी बाल्मीकि प्रसाद ने दल बल सहित पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं प्रकरण को विवेचना में लिया।

लंबित देयकों के त्वरित भुगतान की मांग

डिंडौरी ,नवभारत 7 जनवरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने जिले में लंबे समय से लंबित प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रकरणों को एजेंडे में शामिल कर शीघ्र निराकरण की मांग की। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, अजाक्स, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ सहित अन्य संगठनों ने आकस्मिक व अतिरिक्त कार्यों के भुगतान, मानदेय एवं लंबित देयकों का त्वरित भुगतान, तृतीय एवं चतुर्थ समयमान वेतनमान की स्वीकृति, अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति, वरिष्ठता सूची एवं स्थानांतरण प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग रखी।

विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे-बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कर्मचारियों व विद्यार्थियों से संबंधित शासकीय लाभ समय पर देने तथा दैनिक वेतनभोगी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर को अवगत कराया गया कि इन सभी विषयों को आगामी जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल कर विभागीय समन्वय के साथ निर्णय लिया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सुदामा चरित्र की कथा में उमड़ा जनसैलाब

चिल्हारी नवभारत 7 जनवरी। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी आज श्रीमद्भागवत कथा के अन्तिम दिवस में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बता दें कि विगत एक जनवरी से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रमुख वक्ता गोविन्द नारायण शुक्ला द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आमतरूपी गंगा बहाकर श्रद्धालुओं का मन मोहित कर लिया है। आचार्य श्री ने कथा में बताया कि जिस तरह से एक मां अपने बच्चों की गन्दगी साफ करती है उसी तरह से यह श्रीमद्भागवत कथा संसार रुपी बच्चों की गन्दगी साफ कर स्वच्छता एवं कल्याण मार्ग तथा मोक्षदायिनी रास्ता प्रदान करती है। बुधवार को भन्डारे का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोगों से भन्डारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

नर्मदातट व कन्या शाला मार्ग पर मांस-मदिरा विक्रय से बिगड़ रहा माहौल

डिंडोरी नगर परिषद क्षेत्र में आस्था पर चोट

डिंडोरी,नवभारत 7 जनवरी। नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत मां नर्मदा के पवित्र तट से लगे क्षेत्रों रानी अवंती बाई चौक से नर्मदा मंदिर तक तथा कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी के सामने कन्या शाला मार्ग पर खुलेआम मांस एवं मदिरा के विक्रय ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है।

आस्था, संस्कृति और सामाजिक मर्यादाओं से जुड़े इस मार्ग पर इस प्रकार की गतिविधियों से न सिर्फ धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, बल्कि सार्वजनिक शांति और स्वच्छता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग मां नर्मदा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, कन्या शाला में अध्ययनरत छात्राओं, महिलाओं और बुजुर्गों की नियमित आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। ऐसे में मांस-मदिरा की दुकानों से होने वाला शोर-शराबा, गंदगी और असामाजिक गतिविधियां भय और असहजता का वातावरण पैदा कर रही हैं। श्रद्धालु इसे पवित्र स्थल की गरिमा के प्रतिकूल मान रहे हैं।

तत्काल रोक लगाने की मांग

सब्जी मंडी और आसपास के व्यापारियों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की छवि धूमिल हो रही है। कई बार शराब सेवन के बाद हुड़दंग और विवाद की स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। नगरवासियों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि मां नर्मदा के पवित्र तट, शैक्षणिक संस्थानों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक मार्गों के आसपास मांस-मदिरा विक्रय पर तत्काल रोक लगाई जाए।

अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए

नगरवासियों ने मांग की कि नियमों के तहत इन दुकानों को वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित कर धार्मिक और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। अब देखना होगा कि आस्था और जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन कब तक ठोस कार्रवाई करता है, ताकि पवित्रता, सुरक्षा और शांति का वातावरण पुन: स्थापित हो सके।

जिले के विक्षिप्तों को मिला संरक्षण, की गई उपचार की व्यवस्था

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक का सराहनीय प्रयास, नर्मदा वृद्धा आश्रम में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं

डिंडौरी ,नवभारत। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के विशेष प्रयासों से जिले में लंबे समय से घूम रहे विक्षुप्त व्यक्तियों को सुरक्षित संरक्षण प्रदान करते हुए उनके उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत पिपरिया, विकासखंड शहपुरा की मूल निवासी विक्षुप्त महिला बसंती वरकडे, जो विगत 13 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं को कपिलधारा आश्रम, अमरकंटक से खोजकर लाया गया। वर्तमान में उन्हें नर्मदा वृद्धा आश्रम, साकेत नगर (डिंडौरी) में रखा गया है, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत छांटा, विकासखंड डिंडौरी के

स्थायी निवासी ईश्वर प्रसाद, जो विवाहित हैं तथा एक 8 वर्षीय बच्चे के पिता हैं, मानसिक अस्वस्थता के कारण परिजनों से मारपीट कर कहीं भी चले जाते थे। उन्हें भी आम रास्ते से खोजकर सुरक्षित रूप से वृद्धा आश्रम में रखा गया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य लगभग 38 वर्षीय अज्ञात विक्षुप्त महिला, जो न बोल पाने की स्थिति में हैं तथा जिनके परिवार अथवा ग्राम का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, को भी संरक्षण में लिया गया है।

कलेक्टर व एसपी ने विक्षिप्तों से किया वार्तालाप-कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के प्रयासों से तीनों विक्षुप्तों को जिले के विभिन्न स्थानों से सुरक्षित लाकर नर्मदा वृद्धा आश्रम, साकेत नगर में रखा गया। बुधवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आश्रम पहुंचकर विक्षुप्तों से वार्तालाप किया। इस अवसर पर दो विक्षुप्तों के परिजन उपस्थित रहे, जिनसे विस्तृत जानकारी ली गई।

एनजीओ प्रभूजी सेवा संस्था करेगी उपचार-परिवारजनों की सहमति से उपचार हेतु एनजीओ 'प्रभूजी सेवा संस्था', डबरा (ग्वालियर) के माध्यम से आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। संस्था के संचालक डॉ. हर्षवर्धन सिंह राठौर ने बताया कि संस्था विगत 8 वर्षों से निरंतर ऐसे विक्षुप्त व्यक्तियों का उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराती आ रही है। यह व्यवस्था सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी के विशेष प्रयासों से संभव हुई है।

विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र को मिली पांच सड़कों की सौगात

नौरोजाबाद नवभारत 7 जनवरी। जिले के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह के अथक प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र पांच सड़कों की सौगात मिलने जा रही है। बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की विशेष मजबूतीकरण अंतर्गत चंदिया से खितौली तक की लगभग 18 किलोमीटर की सड़क का निर्माण 2 करोड़ 95 लाख की लागत से जल्द ही किया जाएगा। इसी अभियान के अंतर्गत नौरोजाबाद से पिनौरा, महुरा, कोहका होते सीधे घुलघुली तक लगभग 25 किलोमीटर सड़क का निर्माण 7 करोड़ 22 लाख की लागत से जल्द ही किया जाएगा। इसी अभियान के तहत चंदिया, बिलासपुर, हरवाह निगहरी की कनेक्टिविटी के लिए लगभग 46 किलोमीटर की सड़क का निर्माण 8 करोड़ 32 लाख 22 हजार रूपये की लागत से जल्द ही किया जाएगा।

वन परिक्षेत्र से लगे महामन गांव में घुसा जंगली हाथी

वन विभाग की टीम ने खदेड़ा, केले के पौधों को हुआ नुकसान

नवभारत उमरिया 7 जनवरी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत महामन गांव के ददरा टोला में सोमवार रात एक जंगली हाथी घुस आया। ग्रामीणों ने थाली बजाकर और शोर मचाकर उसे खदेड़ने का प्रयास किया, जिसके बाद बीटीआर की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद हाथी को जंगल की ओर भेजा।

यह घटना रात में सुखसेन के खेत में हुई, जहां हाथी ने केले के पौधों को नुकसान पहुंचाया और खेत की बाड़ी भी तोड़ दी। ग्रामीणों में हाथी के गांव के नजदीक आने से दहशत फैल गई। हाथी की आहट सुनते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और उसे भगाने के लिए थाली बजाने लगे। सूचना मिलने पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंची। रात करीब 11 बजे तक चले लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद हाथी को सफलतापूर्वक जंगल की ओर खदेड़ दिया गया।

ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

बीटीआर के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और हाथी दिखने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है। विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ, भालू और तेंदुए के साथ-साथ जंगली हाथियों ने भी अपना ठिकाना बना लिया है। आए दिन हाथी गांव के नजदीक खेतों और घरों के पीछे बनी बाड़ियों तक पहुंच जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है।

बूथ स्तर का कार्यकर्ता है असली ताकत : धुर्वे

भाजपा शहपुरा मंडल के दो शक्ति केंद्रों की कामकाजी बैठक आयोजित

शहपुरा नवभारत 7 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को निचले स्तर तक सक्रिय करने के उद्देश्य से शहपुरा मंडल के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण शक्ति केंद्रों, बिछिया एवं दलका बाधा बांसा की कामकाजी बैठकें संपन्न हुईं। इन बैठकों में आगामी कार्ययोजना और बूथ स्तर की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई। शक्ति केंद्र बिछिया की बैठक का आयोजन कृषि उपज मंडी में किया गया, वहीं दलका बाधा बांसा की बैठक फॉसिल्स पार्क घुघवा में आयोजित हुई। इन बैठकों में मुख्य

वक्ता के रूप में क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। बैठक में बूथ समिति और पंच परमेश्वर की भूमिका पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। बैठक में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, इंद्रावती धुर्वे, दुर्गेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, बसंत कुशराम सहित, मनोहर सोनी, संतोष साहू, अरुण अग्रवाल, तुलसीदास गुप्ता, कंधे टेकाम, किशन झारिया, हीरालाल साहू आदि मौजूद रहे।

मजदूर की जगह मशीन से करा रहे काम

ग्राम पंचायत सुखदास में सीसी रोड का हो रहा निर्माण

चिल्हारी नवभारत 7 जनवरी। सरकार ने हाल ही में मनरेगा में बदलाव कर जी राम जी योजना लायी गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने के वाले श्रमिकों को 100 दिवस की जगह 125 दिवस का कार्य मिल सके और श्रमिकों का पलायन रुक जाए। जी राम जी योजना को दरकिनार करते हुए ग्राम पंचायत सुखदास में श्रमिकों की जगह फ्लोरी से सीसी सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी सड़क रोड के कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

मसाला बनाने में कम सीमेंट उपयोग की जा रही है। अभी दो दिन नहीं हुई रोड अभी से उखड़ने लगी है। ग्रामीण कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि सरपंच व सचिव की तानाशाही से मेरी निजी जमीन से रोड निकाल दी गई है।

जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया जिला प्रशासन को इस संदर्भ में जानकारी दी है, लेकिन मैं सामन्य वर्ग से आता हूं तो मेरी कोई सुनने वाला नहीं है। खुलेआम शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए सरपंच दीपिका रानी सिंह गोड़ और सचिव उमेश चतुर्वेदी द्वारा शासन के निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए सीसी सड़क निर्माण कराने में तत्पर हैं, वहीं जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है।

इन्दवार के रोजगार मेले में 22 हितग्राहियों का चयन

चिल्हारी नवभारत 7 जनवरी। विकासखण्ड मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत इंद्ववार में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन उमरिया द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन कराया गया। इसमें वर्धमान यानस मंडीदीप, एलआईसी उमरिया, सिक्योरिटी गार्ड भिलाई कंपनियों ने मेले में भाग लिया। संबंधित कंपनी के अधिकारी द्वारा उपस्थित 60 कैंडीडेट्स का रिकार्ड देखा गया। इसके बाद कुल 22 हितग्राहियों का चयन किया गया, जिसमें 10 कैंडिडेट का चयन वर्धमान यार्न में, 11 कैंडिडेट का चयन सिक्योरिटी गार्ड भिलाई में, 1 कैंडिडेट का चयन एलआईसी में किया गया।

कलेक्टर के आदेश पर विद्यालयों के संचालन का समय बदला

नवभारत उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उमरिया जिले में शीत ऋतु के प्रभाव से तापमान में आई गिरावट तथा शीतलहर चलने के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये उमरिया जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन 7 जनवरी से आगामी आदेश तक के लिए प्रात: 10. 30 बजे से निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि आदेश विद्यालयों में केवल विद्यार्थियों के लिये लागू होगा। समस्त शिक्षक निर्धारित समय से विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालयीन कार्य संपादित करेंगे एवं प्री-बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगी।